Haryana College Teachers' Association

Reg.No. HR13-2020-01807 (Affiliated to AIFUCTO) Website : WWW.hcta.in

Dayanand Malik
President
All India Jat Heroes' Memorial College, Rohtak
Mob. 9813763351, 7988023380
E-mail : malikdayanand03@yahoo.com

Dr. Rajinder Singh
General Secretary
J.V.M.G.R.R. College, Charkhi Dadri
Mob. 9896767667
E-mail : parmar12rajinder@gmail.com

Ref.No. HCTA/12/22/45 Dated 05/12/22

आदरणीय कुलपति महोदय,
महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय
रोहतक।

सादर नमस्कार।

हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन (एचसीटीए) (प्रदेश के 97 सरकारी सहायता प्राप्त कालेजों के शिक्षक का संगठन) आपसे परीक्षाओं में सुधारों की प्रस्तावना कर रहा है। शिक्षा व्यवस्था में पाठ्यक्रम, शिक्षण और परीक्षाएं तीनों का महत्वपूर्ण स्थान है। प्रदेश के कॉलेजों में परीक्षाओं संबधी सुधारों की आवश्यकता लम्बे समय से महसूस की जा रही है। उद्देश्य है परीक्षाओं को राष्ट्रीय स्तर के मानकों पर गुणवत्तायुक्त, पारदर्शी नकल रहित ईमानदार और विश्वसनीय बनाना। इस दृष्टि से विश्वविद्यालय के सबद्ध कॉलेजो में परीक्षा संचालन सबंधी बहुत सारे सुधारों की जरूरत है। हमारा प्रस्ताव है कि इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय को अपने स्तर पर परीक्षओं को पारदर्शी बनाने और विश्वसनीयता बढाने के लिए कुछ सुधार करने चाहिए। सबसे बड़ा सवाल है –परीक्षा संचालन में ड्यूटी दे रहे शिक्षकों को अपने कर्तव्यों को निर्वहन में मजबूत करने की जरूरत। इस दृष्टि से परीक्षा केन्द्रों में चाक चौबंद प्रबंध करने की आवश्यकता लम्बे समय से महसूस की जा रही है। हमारी मांग है।

1. परीक्षा केन्द्र पर पर्यवेक्षक (कम से कम 50%) अन्य कॉलेजों से नियुक्त किए जायें। क्योंकि हमारे कॉलेजों में लगभग 50 फीसदी शिक्षा पार्ट टाईम या अस्थाई है। अपने ही कॉलेज में उन पर परीक्षा ड्यूटी देते हुए भारी दबाव रहता है। स्थाई शिक्षकों पर भी स्थानीय दबाव एक वास्तविकता है। परीक्षाए सिर्फ रैगुलर विद्यार्थियों की ही नहीं प्राईवेट दूरवर्ती शिक्षा, बी.एड आदि के परीक्षार्थियों की भी कॉलेज में ही होती है।
2. प्रश्न पत्र और उतर पुस्तिकाओं को कॉलेज के स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में सख्त नियंत्रण में रखने की चाक चौबंद व्यवस्था की जाए।

P.T.O.

3. उडन दस्तों की डयूटी अनिवार्य रूप से मजबूती और सर्तकता से लगाई जाये।
4. शिक्षकों (ऑजर्वर) द्वारा हर रोज प्रश्न पत्रों, उतर पुस्तिकाओं को ढोना एक असुरक्षित निरर्थक भयंकर तनाव युक्त काम है। इसें तुरंत प्रभाव से बंद करना चाहिए।
5. परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस की तैनाती को सुनिश्चित किया जाए।
6. मूल्याकंन सम्बन्धी कार्य में गुणवता लाने हेतु शिक्षकों के (नए शिक्षकों सहित सभी के) ओरिन्टेशन रिफ्रेशिंग कोर्सेज लगाने का प्रबन्ध किया जाए।
7. परीक्षा से सम्बन्धित सभी कार्यों के मानदेय को बढ़ाने की मांग चिर लंबित है,इसे तुरंत पूरा करने की कृपा कीजिए।

आशा है आप हमारी चिंताओं पर सकारात्मक कदम उठाकर कृतार्थ करेंग।

सधन्यवाद।

डॉ० राजेन्द्र सिंह
महासचिव